प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों का भ्रमण

पन्तनगर। 09 नवम्बर 2023। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आज सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के लगभग 50 विद्यार्थियों ने डा. छाया शुक्ला के निर्देशन में विश्वविद्यालय के मॉडल फ्लोरीकल्चर सेंटर, रीजनल फॉरेंसिक लैब रुद्रपुर तथा सिक्स सिगमा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड साइंस का भ्रमण किया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल थी। डा. संजीव चौधरी ने मॉडल फ्लोरीकल्चर सेंटर की विभिन्न गतिविधियों से विद्यार्थियों का परिचय कराया। इसके पश्चात विद्यार्थियों का दल रीजनल फॉरेंसिक लैब रूद्रपुर पहुंचा जहां संयुक्त निदेशक डा. दयाल ने विद्यार्थियों को फॉरेंसिक साइंस एवं समाज में उसके कार्यों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को फॉरेंसिक साइंस की कैरियर के रूप में संभावनाओं पर प्रकाश डाला तत्पश्चात् फॉरेंसिक लैब में नारकोटिक्स एवं ड्रग सेल तथा एविडेंस कलेक्शन आदि विभिन्न यूनिटों में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी देते हुए का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थी किस तरीके से सचेत रहकर स्वयं को ड्रग्स से दूर रख सकते हैं, इस विषय पर भी डा. दयाल द्वारा रोचक विधि से बताया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न नारकोटिक्स सैंपल्स तथा एविडेंस देखने का अवसर भी प्राप्त हुआ। तदोपरान्त विद्यार्थियों का यह दल सिक्स सिगमा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के दिवाली मेले में पहुंचा। महाविद्यालय के स्वावलंबन केंद्र द्वारा ऐपण के मूल्य संवर्धित उत्पादों का एक स्टॉल लगाया गया। विद्यार्थियों ने इस मेले में लगे हुए विभिन्न स्टॉल एवं आर्ट और क्राफ्ट के आर्टिकल्स के बारे में ज्ञान प्राप्त किया। मेले के स्टॉल्स के व्यवस्थापन, प्रबंधन एवं संबंधित विज्ञापन प्रदर्शन, मार्केटिंग, सेल्स प्रमोशन टेक्निक्स आदि से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों ने प्राप्त की तथा किताबों में पढ़ाएं जा रहे विषयों का व्यावहारिक अनुभव एवं उनके प्रदर्शन का यह एक अभिनव प्लेटफॉर्म एवं अवसर रहा।

विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार